दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : digvijayans@gmail.com
: dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 27.01.2019

समाचार स्वरूप प्रकाशनार्थ

गोरखपुर 27 जनवरी। ''भारतीय लोकतन्त्र की सुरक्षा व सुव्यवस्था के साथ ही सुदृढ़ आधार देने में हमारे युवा ही महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। युवा संसद का आयोजन युवाओं को संसदीय कार्यप्रणाली से विधिवत अवगत कराता है और एक सकारात्मक सोच भी पैदा करता है'' ये बातें दी.द.उ.गोरखपुर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. केशव सिंह ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज, गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय 'युवा संसद' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। कार्यक्रम में शासन द्वारा निर्धारित विषय–(अ) भारत ने आतंकवाद पर वैश्विक प्रतिमान निर्धारित किए हैं। (ब) भारत ने आर्थिक अपराधियों के लिए वैश्विक प्रतिमान निर्धारित किए हैं। (स) भारत ने जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक प्रतिमान निर्धारित किए हैं। (द) खलो इण्डिया : नवोदित खिलाडियों के लिए प्रवेश द्वार, एवं भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक पहचान बनाने का सही समय पर पक्ष एवं विपक्ष में तर्कपूर्ण ढंग से अपने–अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में आये हुये चयनित प्रतिभागियों में से 43 प्रतिभागियों को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए संसद में आमन्त्रित किया गया। प्रतिभागियों के विचार सुनने के पश्चात् जूरी मेंबर्स द्वारा 5 प्रतिभागियों दिव्या श्रीवास्तव को प्रथम स्थान, पारितोष तिवारी को द्वितीय स्थान, अम्बर बद्योपाध्याय को तृतीय स्थान, मधुप्रिया को चतुर्थ स्थान तथा पलक अग्रवाल को पॉचवा स्थान प्रदान कर चयनित किया गया। जूरी मेम्बर्स के रूप में डॉ. वी.पी. सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर विधि विभाग सन्टएण्ड्रयूज कालेज, गोरखपुर, डॉ. शैलेष कुमार सिंह, असिस्टेन्ट प्रो. विधि विभाग दी.द.उ.गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, श्री हरि प्रकाश मिश्र वरिष्ठ अधिवक्ता दिवानी न्यायालय, गोरखपुर, डॉ. रजनिश कुमार श्रीवास्वत विधि विभाग, दी.द.उ. गोरखपुर व डॉ. राजशरण शाही, एसोसिएट प्रो.बी.एड़. विभाग दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज, गोरखपुर रहे। कार्यक्रम के अन्त में प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह दिया गया। जूरी मेम्बर्स डॉ. वी.पी. सिंह ने संसद में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि

दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549

: 09792987700

e-mail : digvijayans@gmail.com

: dnpggkp@gmail.com

website : www.dnpgcollege.edu.in

भारत ने आतंकवाद पर अपने प्रयासों से नियन्त्रण स्थापित कर वैश्विक प्रतिमान निर्धारित किए हैं साथ ही आर्थिक अपराधियों के प्रत्यार्पण में भारत सरकार का प्रयास सराहनीय रहा है। भारत ने जलवायु परिवर्तन के वैश्विक प्रतिमान भी निर्धारित किए हैं। यही वजह है कार्बन उत्सर्जन में भारत अपने प्रयाशों से कमी लाने में सफल रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने युवा संसद को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय युवा संसद का कार्यक्रम भारतीय युवाओं में राजनीतिक चेतना का विकास करेगा, जो लोकतन्त्रात्मक प्रणाली की प्राण वायु है। प्रतिभागियों के रखे गये विचार से यह प्रतीत होता है कि हमारे युवा लोकतन्त्र के सजग प्रहरी के रूप में अपना योगदान देने में सफल रहेंगे ऐसा मेरा विश्वास है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. पवन कुमार पाण्डेय ने किया, कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेष कुमार सिंह, डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. रूक्मिणी चौधरी, श्री सुरेन्द्र चौहान तथा महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारीगण व सभी स्वयं सेवक/स्वयं सेविकाएँ उपस्थित रहे।

डॉ. शैलेष कुमार सिंह
कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो.